हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 17 अंक : 12 | देहरादून सोमवार 06 अप्रैल 2026 | मूल्य :रू 2 | पृष्ठ : 8


## मुख्यमंत्री की पत्नी ने की पैदल ट्रैकिंग, राजपुर-झड़ीपानी ट्रैक का लिया आनंद

मसूरी, (संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने प्रातः राजपुर से झड़ीपानी मसूरी पैदल ट्रैकिंग की व मसूरी व दून की सुंदर वादियों का आनंद लिया। उनके साथ कुछ अन्य लोगां के साथ ही प्रशासिक अमला भी था। हालांकि अभी राजपुर मसूरी ट्रैक की हालत खराब है जो कि गत वर्ष आपदा से हुई थी, लेकिन नगर पालिका ने कुछ स्थानों पर बटिया बनाकर पैदल ट्रैक को चलने लायक बनाया है।

राजपुर से झड़ीपानी पैदल ट्रैक पदारोहण करने वालों के लिए सबसे सुदंर ट्रैक है, जिसमें बड़ी संख्या में हर वर्ष स्कूली बच्चों सहित सरकार के मंत्री अधिकारी व अन्य ट्रैकिंग के शौकीन आते रहे है। लेकिन गत वर्ष की आपदा के बाद से इस ट्रैक की हालत खराब है व कई स्थानों पर खतरा बना हुआ है। हालांकि नगर पालिका ने कुछ स्थानों पर पगडडी को ठीक किया है व चलने लायक



बनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी की पत्नी गीता धामी ने राजपुर से झंडीपानी तक पैदल ट्रैक कर ट्रैकिंग करने वालों को संदेश दिया है कि अब ट्रैक चलने लायक हो गया है। इस दौरान उन्होंने रास्ते में कई फोटो खिंचवाई वहीं स्थानीय लोगों के साथ ही पूर्व सभासद सतीश कुमार के साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने इस दौरान मीडिया कर्मियों से बात नहीं की लेकिन उन्होंने ट्रैक की कमियों में सुधार के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री व सरकार के जिम्मेदारों को कहने का भरोसा दिया है। मालूम हो कि गत वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ आ चुकी है वहीं पूर्व में प्रदेश के मुख्य सचिव व सचिव कई बार इस मार्ग से ट्रैक कर मसूरी आते रहे हैं। लेकिन आपदा के बाद पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी की पत्नी मसूरी आयी जिससे इस ट्रैक में सुधार की संभावना बढ गयी है।

### अंडर ट्रांसफर 42 इंस्पेक्टर दरोगाओं को जिला छोड़ने का फरमान

देहरादून(संवाददाता)। जिला बदलने के बावजूद लंबे समय से पुराने जिले में जमे गढ़वाल रेंज के इंस्पेक्टर-दरोगाओं को अब नई तैनाती पर जाना होगा। 42 कर्मचारियों की सूची जारी करते हुए आईजी रेंज ने 10 अप्रैल तिथि तय कर दी है। डीजीपी दीपम सेठ ने हाल में इस मामले की समीक्षा करते हुए कड़ी नाराजगी जताई थी। सामने आया कि रोटेशन और वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत जिन इंस्पेक्टरों और दरोगाओं का तबादला पहाड़ के दुर्गम क्षेत्रों में किया गया था उनमें से कई किसी न किसी बहाने या सिफारिश से रिलीव नहीं हो रहे थे। ऐसे में लगभग उतनी ही संख्या में पहाड़ों के कप्तानों से वहां से सुगम में आने वाले कर्मचारी रोके हुए थे। इसके बाद आईजी रेंज ने गढ़वाल मंडल के सभी सातों जिलों को वहां तैनात अंडर ट्रांसफर इंस्पेक्टर-दरोगाओं को रिलीव करने 10 अप्रैल तक तिथि नीयत की।

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख मोपिन फेस्टिवल की गोल्डन जुबली समारोह में किया प्रतिभाग

**- मोपिन फेस्टिवल केवल एक त्योहार नहीं बल्कि प्रकृति, आस्था संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत प्रतीक हैः जोशी**

देहरादून (संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में आयोजित मोपिन फेस्टिवल की गोल्डन जुबली समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री किरण रिजुजी को मोपिन फेस्टिवल की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्थानीय जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होकर त्योहार का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मोपिन फेस्टिवल प्रकृति, कृषि और समृद्धि का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों में भाग लेते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक उत्सव देश की एकता और अखंडता को और मजबूत करते हैं तथा विभिन्न राज्यों के बीच आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे तीज त्यौहार ही हमें एक सूत्र में बांधने का काम करता है।



उन्होंने आगे कहा कि मोपिन फेस्टिवल केवल एक त्योहार नहीं बल्कि प्रकृति, आस्था संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत प्रतीक है, जो जीवन में खुशहाली और सकारात्मकता का संदेश देता है।ज्ञात हो कि मोपिन फेस्टिवल अरुणाचल प्रदेश की गालो जनजाति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पारंपरिक त्योहार है, जिसे हर वर्ष बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा पर्व है, जिसका उद्देश्य अच्छी फसल, समृद्धि, सुख-शांति और बुरी शक्तियों से रक्षा की कामना करना होता है। इस त्योहार के दौरान लोग "मोपिन आनी" (देवी) की पूजा-अर्चना करते हैं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मोपिन फेस्टिवल का एक विशेष आकर्षण "पोपिर" नृत्य है, जिसमें महिलाएं सफेद पारंपरिक वेशभूषा पहनकर समूह में नृत्य करती हैं। इसके साथ ही, लोग एक-दूसरे के चेहरे पर चावल का पेस्ट लगाते हैं, जिसे पवित्रता, शुभता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार...

### नर्सिंग बेरोजगारों का धरना जारी, बढ़ा आक्रोश

देहरादून( संवाददाता)। नर्सिंग बेरोजगारों का वर्षवार भर्ती बहाली की मांग को लेकर धरना रविवार को 122वें दिन भी जारी रहा। बेरोजगारों का कहना है कि हजारों नर्सिंग अभ्यर्थी बेरोजगार हैं। कई युवा आयु सीमा पार करने की कगार पर हैं, जिससे उनका भविष्य अधर में है। उन्होंने मांग उठाई कि लंबित बैचों को वर्षवार प्रणाली से समायोजित कर रिक्त पद भरे जाएं और आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नियमित भर्ती शुरू हो। कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। नए स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से उन्होंने समाधान की उम्मीद जताई। धरने में नवल पुंडीर, प्रवेश, प्रेरणा, सुषमा आदि मौजूद रहे।

### कैड्यूसियस कपः दून मेडिकल कॉलेज बना प्रथम उपविजेता

देहरादून( संवाददाता)। गवर्नमेंट दून मेडिकल कॉलेज ने राज्य स्तरीय इंटर-कॉलेज मेडिकल क्विज श्कैड्यूसियस कपश में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से किया गया था, जिसमें प्रदेश भर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों ने हिस्सा लिया। दून मेडिकल कॉलेज का प्रतिनिधित्व जसलीन कौर, नूरुज जुहा और किर्तिका चौहान की टीम ने किया। इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट चिकित्सा ज्ञान, क्लिनिकल समझ और बेहतरीन टीमवर्क का लोहा मनवाते हुए यह सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने विजेता छात्राओं को बधाई दी है।

# संपादकीय

## अनाज से ज्यादा अहम और क्या

भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दें, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है?अभी पिछले साल ही अमेरिका से व्यापार युद्ध के सिलसिले में जब चीन ने उर्वरकों का निर्यात रोका, तो उससे भारत भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। उसके पहले 2022 में रूस- यूक्रेन की लड़ाई शुरू हुई, तब भी भारत को उर्वरक आपूर्ति की समस्या से जूझना पड़ा था। अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उससे भी बड़ी समस्या खड़ी होती दिख रही है। युद्ध के लंबा खिंचने के साथ देश में उर्वरकों की उपलब्धता की चिंता हर दिन अधिक गहराती जा रही है। ध्यान देने की बात है कि उर्वरकों का संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से है। किसी भी देश की सर्वोच्च प्राथमिकता खाद्य के मामले में आत्म-निर्भरता होनी चाहिए।लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज खेती-बाड़ी से जुड़ी अनिवार्य चीजों के मामले में भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर बना हुआ है। मोटे आंकड़ों के मुताबिक भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दिया जाए, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है? पिछले साल के आंकड़ों के मुताबिक इस मामले में भारत सबसे ज्यादा निर्भर रूस (18.1 प्रतिशत), सऊदी अरब (15.7), चीन (15) और मोरक्को (14.8 प्रतिशत) पर था। जॉर्डन, ओमान, कतर, यूएई और मिस्र अन्य देश हैं, जिनसे भारत उर्वरक के इनपुट आयात करता है। फिलहाल पश्चिम एशिया वाले तमाम देशों से आयात कठिन हो गया है। वहां जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन सामग्रियों की कीमत में भी भारी उछाल आया है। इसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ेगा। पिछले साल केंद्र ने उर्वरक सब्सिडी के तौर पर 1.87 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। इस वर्ष इस मद में 1.71 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। जाहिर है, वास्तविक खर्च इससे काफी ज्यादा होगा। बहरहाल, मामला सिर्फ सब्सिडी बजट का नहीं है। मुद्दा है कि इस बारे में दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई जाती? क्यों नहीं इनपुट के स्रोतों का विस्तार कर उर्वरक उत्पादन का कार्य अपने देश में किया जाता? आखिर अनाज से ज्यादा अहम और क्या है?

## इस्रायल- अमेरिका बनाम ईरान: होर्मुज की किरकिरी और ट्रंप का पसोपेश

डॉ. सुधीर सक्सेनाऐसा लगता है कि सब कुछ जेम्स हेडली चेज के उपन्यास के शीर्षक की तर्ज पर हुआ और डोनाल्ड ट्रंप और बेन्जामिन नेतन्याहू की जुगल-जोड़ी के साथ श्आ-बला, पकड़ गलाश की उक्ति चरितार्थ हो गयी। एक माह बीत चुका है, लेकिन वर्षों से पाबंदियां झेल रहे ईरान के कस बल ढीले नहीं पड़ रहे हैं। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर रखी है और इस्राइल के फौजी और नागरिक ठिकानों पर रोजाना दस बैलिस्टिक मिसाइलें दाग रहा है। एक अप्रैल को बेत शेमेश पर उसके प्रहार से नौजने ठौर मारे गये और तिफरेत का सीनेगाग नष्ट हो गया। इस बीच इस्राइल की परेशानी इस नाते बढ़ गई है कि 28 मार्च से हूती लड़ाके भी जंग में शामिल हो गये है। हूतियों के दक्षिण इस्राइल में हमलों का स्रोत यमन है, लेकिन उस पर इराक और लेबनान के रास्ते भी आक्रमण शुरू हो गये हैं। गौरतलब है कि इस्रायल का दक्षिण लेबनान पर कब्जा उसकी ग्रेटर इस्रायल मुहीम का हिस्सा है, किंतु संसाधनों की न्यूनता के चलते अनेक मोर्चों का खुलना उसके लिये घातक और और विनाशकारी है। इस्रायल पर इराक और लेबनान की ओर से हमले तथा श्थ्री एचश्-हमस, हूतो और हिजबुल्लाह की साझा सक्रियता बीबी (नेतन्याहू) की पेशानी पर सलों के लिये पर्याप्त है। तेल अवीव, हैफा और येरुशलम पर लगातार ड्रोन और मिसाइलें दाग कर ईरान ने आयरन डोम का मिथ ध्वस्त कर दिया है और संख्याबल के आधार पर वह इस्रायल को देर तक छकाने के मूड में है।35 दिनों से जारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के फलस्वरूप सबसे बुरी गत ट्रंप की बनी है। अब साफ हो गया है कि उन्होंने ईरान पर हमला श्बीबीश के उकसावे पर खब्त में आकर किया। मिशन की सबसे बड़ी विफलता यह रही कि पहले ही दिन अयातुल्लाह खामेनेई के हलाक होने के बावजूद ईरान में कोई श्कू-दे-ताश (तख्तापलट) नहीं हुआ। अयातुल्लाह के उत्तराधिकारी मोज्तबा मस्क्वा में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और उनकी ट्रंप को नसीहत ने सारे विश्व का ध्यान आकृष्ट किया है। ट्रंप की दुनिया भर में भद्द पिटी है और 80 वर्षीय सनकी राष्ट्रपति के खिलाफ अमेरिकी शहरों में 80 लाख से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। उनके खिलाफ कांग्रेस में अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात भी चल रही है। उनकी भतीजी की मुखालफत के बाद अब सिनेटर लिंडसे ग्राहम जैसे उनके समर्थक जो कल तक फिल्लिया फड़काने और खरग पर कब्जे की दंभोक्ति कर रहे थे, अब युद्धपोतों से पाल उतारने की बात कर रहे हैं। अमेरिका अब तक जंग पर 36 बिलियन डॉलर फूंक चुका है। नतीजा ढाक के तीन पात। अनेक अमेरिकी मेरिनर ईरान के हत्थे लग गये हैं और 31 मार्च को अमेरिकी युद्ध संवाददाता सुश्री शैली प्ट्टिसन का बगदाद में अपहरण कर लिया गया। उसके बाद से शैली का कोई अता-पता नहीं है।अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान जंग को लेकर भविष्यवाणी नामुमकिन इसलिये है, क्योंकि कोई नहीं जानता कि ट्रंप कब क्या कर बैठेंगे? ईरान की शिकस्त और रेजीम चेंज के माम?ले में हाथ मल रहे ट्रंप अब होर्मुज जलडमरूमध्य के मुद्दे को भी भुलाने को तैयार है और चाहते हैं कि इस मुद्दे को क्षेत्रीय व योरोपीय शक्तियां सुलझायें। उनके शब्दों पर गौर करें। वह कहते हैं: श्द वार इज गोइंग ग्रेट एंड कमिंग टू ऐन एण्डाश मुमकिन है कि परमाणु हमला भी उनके दिमाग में हो, लेकिन पैट्रि?याटिक विजन के यूएनओ में प्रतिनिधि मोहम्मद सफा के इस्तीफे से इस साजिश का भांडा फूट गया है।

जंग का सबसे बड़ा असर है कि अमेरिका पोषित नाटो ने अमेरिका को धता बता दी है। उसके अनन्य सहयोगी ब्रिटेन के कीर स्टार्मर ने सहयोग से साफ इंकार कर दिया दिया है और फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड, इटली स्पेन आदि भी उसी रास्ते पर हैं। जर्मनी में तो सारे अमेरिकी फौजियों और साजो सामान की वापसी की मांग उठ? रही है। जंग से अमीर-उमराव दुबई और मध्यपूर्व में इंवेस्टमेंट से मुँह फेर लेंगे। ईरान की रणनीति कि उसने अमेरिका के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट करियर अब्राहम लिंकन को दूर खदेड़ दिया है और सबसे ताजा खबर है कि तेल अवीव ने मध्यस्थता के लिये बीजिंग से संपर्क साधा है। यकीनन सामरिक और ऊर्जा के मान से दुनिया नये समीकरणों की देहरी पर है।

# ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका दलाल की , ईरान की ओर से युद्ध पर कोई बात नहीं

अजय दीक्षित

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर दिल्ली में 26 मार्च को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान दलाल की भूमिका निभा रहा है। एस जयशंकर की इस शब्दावली पर आपत्ति की गई या होसकती है मगर ये अलंकार सही लगता है पाकिस्तान पर । हालांकि ये खिचड़ी तब से पक रही जब पाकिस्तान सेना प्रमुख मुनीर खान को डॉनल्ड ट्रंप ने पहलगाम के बाद वाशिंगटन बुलाया था।दरअसल पाकिस्तान की कलई खोली आज इजरायल ने जब ईरान स्थित पाकिस्तान दूतावास पर मिसाइल से दो हमले किए। इजरायल ने पाकिस्तान को दलाल भी घोषित किया। इजरायल किसी भी कीमत पर अब अमेरिका को युद्ध से एग्जिट होने नहीं देना चाहता जबकि डॉनल्ड ट्रंप एग्जिट होने को आतुर क्योंकि उनके देश में इस युद्ध की खिलापत हो रही है। ईरान की इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्डनहीं चाहता कि युद्ध अमेरिका की शर्तो पर रुके वह आर पार के मूड में है क्योंकि 40 वर्ष से इस युद्ध की तैयारी कर रहा था।1979 से वह अमेरिका की किरकिरी बना हुआ था।पूरे दक्षिण और मध्य पूर्व एशिया में ईरान अकेला गैर सुन्नी मुस्लिम देश है उनकी धार्मिक मान्यता अलग है।जबकि सबसे बड़ा और प्राकृतिक रूप धनी देश है ।यहां की फारस की खड़ी की सभ्यता इराक की तरह प्राचीन है।जबकि इस्लाम तो छठवीं सदी में स्थापित हुआ है।ईरान के मुस्लिम हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब को अंतिम मैसेंजर नहीं मानते जबकि सुन्नी मुस्लिम देश कतर, यूएई कुवैत,तुर्की,इराक, मिश्र,पाकिस्तान,बांग्लादेश,बहरीन, सऊदी अरब,आदि सुन्नी देश है।यही भावना ईरान को अलग करती है।इसीलिए पाकिस्तान,तुर्की जैसे देश की मध्यस्थता ईरान को स्वीकार नहीं है ।दूसरे ईरान चाहता है कि अमेरिका अपनी सेना ईरान की जमीन पर उतार दे ।बताते दस लाख इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्ड अमेरिका की सेना की धज्जियां उड़ाते दिखे गे।आज तक जमीनी युद्ध में अमेरिका जीता ही नहीं।ईरान पर कई विकल्प हैं जैसे खाड़ी देशों के पेयजल प्लांट को तवाह करना तो अमेरिकी सेना संकट में फंस जाएगी । 6 अप्रैल के बाद वाशिंगटन क्या करेगा। पाकिस्तान तुर्की चाहते हैं कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान अमेरिका को सबक सिखाने वाला है।पाकिस्तान तो भीखमंगा देश है उस के पास विदेशी मुद्रा भंडार नहीं है तो बढ़ती दाम पर तेल कैसे खरीदे गा। अमेरिका के सामने इस लिए दलाल की भूमिका में है कि किसी प्रकार डॉनल्ड ट्रंप मदद कर दे। पाकिस्तान की इस मुखबिरी से इजरायल सख्त नाराज इसलिए उसने आज पाकिस्तान की ईरान स्थित दूतावास पर मिसाइल से हमला किया।भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही कहा कि भारत पाकिस्तान की तरह देश नहीं है जिसे कुछ लोग चला रहे होंमजबूत लोकतांत्रिक देश है दलाल नहीं ।

# संस्कृत छात्रों को समाज में बराबरी देने का प्रयास जारी: दीपक गैरोला

ऋषिकेश(संवाददाता)। संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव दीपक कुमार गैरोला ने रविवार को विभिन्न संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां की गतिविधियां जानी। उन्होंने विभाग की ओर से संस्कृत छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव सबसे पहले श्री मुनीश्वर वेदांग संस्कृत विद्यालय पहुंचे और शैक्षिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मायाकुंड स्थित कृष्ण कुंज संस्कृत विद्यालय, श्री भरत संस्कृत विद्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में संस्कृत भाषा के लिए राज्य सरकार जहां प्रदेश में तेरह संस्कृत ग्रामों की स्थापना करके गांव-गांव तक संस्कृत बोल चाल की भाषा हो, इस और कदम बढ़ाएं हैं। वहीं संस्कृत पढ़ने वाली बालिकाओं को गार्गी छात्रवृत्ति देकर छात्राओं को भी संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा विभाग संस्कृत विद्यालयों में साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, वेद आदि शास्त्रीय विषयों के साथ-साथ विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे आधुनिक विषयों को भी पाठ्यक्रम में शामिल कर संस्कृत के छात्रों को समाज में बराबरी का दर्जा देना का भी प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड संस्कृत विवि हरिद्वार की ओर से जल्द ही संस्कृत के छात्रों को आईएएस, पीसीएस परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाएगी। विभाग उत्तराखंड संस्कृत संस्थान के माध्यम से संस्कृत के छात्रों को विदेशी भाषाओं को सीखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। मौके पर संस्कृत शिक्षा उप निदेशक डा. वाजश्रवा, श्रीभरत मंदिर संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र दत्त भट्ट, मुनीश्वर वेदांग के प्रधानाचार्य डॉ. जनार्दन प्रसाद कैरवान, कृष्ण कुंज संस्कृत विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा वशिष्ठ, मनोज द्विवेदी, जितेंद्र प्रसाद भट्ट, शंकर मणि भट्ट, डा.1 भानु प्रकाश उनियाल, शशि गौड़, सुरेश पंत, आचार्य हर्षमणि नौटियाल, प्रियव्रत रतूड़ी, सुमित चमोली आदि उपस्थित रहे।

# सात अप्रैल को ऋषिकेश पहुंचेगी गाडू घड़ा यात्रा

ऋषिकेश(संवाददाता)। 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। कपाट खुलने पर सर्वप्रथम गाडू घड़ा यात्रा में शामिल तेल से भगवान का अभिषेक होगा। जिसके लिए सात अप्रैल को गाडू घड़ा यात्रा नरेंद्रनगर से शुरू होगी और रात्रि में ऋषिकेश पहुंचेगी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि सात अप्रैल को नरेंद्रनगर राजदरबार से महाराजा मनुजयेंद्र शाह गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन राजमहल में महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह सहित सुहागिन महिलाएं तिलों का तेल पिरो कर तेल कलश डिमरी पंचायत को सौंपेंगे। पवित्र तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा सात अप्रैल की देर शाम ऋषिकेश स्थित चेला चेतराम धर्मशाला पहुंचेगी। बुधवार 8 अप्रैल को प्रात: ऋषिकेश में श्रद्धालु गाडू घड़ा तेल कलश के दर्शन करेंगे। दर्शन, पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण के पश्चात तेलकलश यात्रा अपराह्न को रात्रि विश्राम के लिए अगले पड़ाव श्री शत्रुघ्न मंदिर मुनिकीरेती को प्रस्थान करेगी। 9 अप्रैल को श्रीनगर गढ़वाल के लिए रवाना होगी। तेल कलश याात्रा 20 अप्रैल को श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ तथा रविग्राम, 21 अप्रैल को पांडुकेश्वर में रात्रि विश्राम रहेगा। तेल कलश 22 अप्रैल की शाम तक श्री बदरीनाथ धाम पहुंच जाएगी।

# रेखा आर्या ने किया सम्मान समारोह का समापन

हरिद्वार(संवाददाता)। उत्तराखंड यूथ महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता का समापन रविवार को योगस्थली खेल परिसर में हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 13 जनपदों की टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ जनपद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बॉक्सिंग के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक व कॉमनवेल्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन करेंगे। बालिका वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ जिले की टीम विजेता रही। पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के 45-48 किग्रा वर्ग में जया ने स्वर्ण, सविता ने रजत तथा नेहा और गुंजन ने कांस्य पदक जीते। 48-51 किग्रा वर्ग में कोमल लोहिया ने स्वर्ण, कृष्णा ने रजत और ऋतु व वैष्णवी ने कांस्य पदक हासिल किया। 51-54 किग्रा वर्ग में चांदनी ने स्वर्ण, कविता ने रजत तथा अनुष्का व अलीशा ने कांस्य पदक जीता। 54-57 किग्रा वर्ग में बबीता ने स्वर्ण, सलोनी ने रजत और अंशिका व रिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर गोपाल खोलिया, निर्माण मुखर्जी, देवेंद्र चंद्र भट्ट, नवीन टम्टा, विशाल गर्ग, नवीन चौहान, विपिन चौधरी एवं सुधीर जोशी आदि मौजूद रहे।

## समता दिवस के रूप में मनाया गया बाबू जगजीवन राम का 118वां जन्मोत्सव

हरिद्वार(संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने बहादराबाद स्थित ग्राम अलीपुर में देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम का 118वां जन्मोत्सव समता दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह एवं तीर्थपाल रवि ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की आजादी के लिए जेल भी गए। उन्होंने उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, कृषि मंत्री, समाज कल्याण मंत्री और रेलवे मंत्री जैसे अहम पदों पर रहते हुए देशहित में उल्लेखनीय कार्य किए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रियव्रत एवं मनोज सैनी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम महान समाज सुधारक थे। उन्होंने केंद्र सरकार में रहते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में उनका और इंदिरा गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में तेलूराम प्रधान, संजय सैनी, सतपाल सैनी, अजीत सिंह, विकास सिंह, वेदपाल सिंह, एडवोकेट पवन कुमार उर्फ पप्पू, बीपीएस तेजयान, पिंकी सिंह, सीपी सिंह, अमित सिंघानिया, सत्यपाल सिंह, सीताराम अंबेडकर, ब्रह्मानंद, वीरेंद्र श्रमिक, नितिन तेश्वर, संदीप कुमार चौहान, नफीस अहमद और बृजपाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 18 वर्ष युवक ने की आत्महत्या, सैलून का काम नहीं चलने से था परेशान

हरिद्वार(संवाददाता)। सिडकुल थाना क्षेत्र के रामधाम कॉलोनी में रविवार को तक्षशिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास किराये के मकान में रह रहे 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर युवक पंखे की कुंडी से रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने तुरंत रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा। प्रथमदृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान नीरज (18) पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम अंबेटा रिंग दान, थाना झिंझाना, जिला शामली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

# हरिद्वार में अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद, महिला सहित दो गिरफ्तार

हरिद्वार(संवाददाता)। जिले की आबकारी टीम ने हरकी पैड़ी गंगा घाट से कुछ दूरी पर स्थित चमगादड़ टापू पार्किंग क्षेत्र में रविवार को अवैध शराब की खेप पकड़ी है। आबकारी निरीक्षक दर्शन सिंह चौहान ने बताया कि जब्त शराब की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के वाहन के साथ एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। हरिद्वार एवं जनपदीय आबकारी टीम ने सहायक आबकारी आयुक्त प्रमोद मैठाणी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। आबकारी विभाग की टीम ने एक संदिग्ध वाहन संख्या की तलाशी ली। उसमें 45 पेटी बरामद मिली। टीम ने मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई शराब को हरियाणा से अवैध रूप से उत्तराखंड लाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अक्षय पुत्र जगवीर सिंह निवासी ग्राम सेहरी थाना खरखोदा जिला सोनीपत हरियाणा तथा गृतिका पुत्री अमरजीत निवासी 59-60 बी ब्लॉक प्रहलादपुर दिल्ली के रूप में की गई है। सहायक आबकारी आयुक्त प्रमोद मैठाणी ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। आबकारी अधिकारी दर्शन सिंह चौहान ने बताया मामले में केस दर्ज किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार...**

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रैकर का बहिष्कार किया

**- मांगें पूरी न होने तक आंदोलन रहेगा जारी**

रुड़की(संवाददाता)। रुड़की के नारसन ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए पोषण ट्रैकर पर काम करने से इनकार कर दिया। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग उठाई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश स्तर पर 14 मार्च 2026 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर रैली का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन का आरोप है कि प्रशासन द्वारा आंदोलन को रोकने के प्रयास किए गए और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया, जिससे उनमें रोष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से वे मानदेय बढ़ाने, सेवा शर्तों में सुधार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक निर्णय लिया है। संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अंजू पाल ने बताया कि उनकी मांग पूरी न होने तक कार्यकर्ता अपने-अपने केंद्रों पर केवल उपस्थिति दर्ज करेंगी और इसके अलावा कोई भी कार्य नहीं करेंगी। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष कविता रानी, कोषाध्यक्ष परमाना, ब्लॉक संरक्षक बबलेश, संगठन मंत्री शर्मिष्ठा, शहनाज, शिक्षा, मोनिका, सोनिया, सरला, राधिका, चिंकी, पूनम, अनीता, किरण, पूनम रानी आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांशु हत्याकांड पर भाकियू (तोमर) का आक्रोश

**- आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की**

रुड़की(संवाददाता)। रुड़की में दिव्यांशु हत्याकांड को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने शोकसभा कर आक्रोश जताया। पदाधिकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। रविवार को युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित उपाध्याय के आवास पर आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने दिव्यांशु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सुमित उपाध्याय ने कहा कि इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि 11 दिन बीतने के बाद भी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना चिंता का विषय है। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष तस्लीम राव ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। जिला अध्यक्ष यूनुस प्रधान ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए सरकार से उचित मुआवजा देने की अपील की। युवा जिला अध्यक्ष तौसीफ खान ने चेतावनी दी कि जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर संगठन आंदोलन करेगा। सुमित उपाध्याय ने बताया कि इस संबंध में छह अप्रैल को 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डीजीपी से मुलाकात करेगा। इस मौके पर रूप चंद तोमर, अंशुल उपाध्याय, अमित चौधरी, कुलदीप उपाध्याय, वीरेंद्र पाल, दीपक पाल, आश्रय उपाध्याय,

# टिहरी झील में 20 राज्यों के 500 पुलिस खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

नई टिहरी(संवाददाता)। टिहरी बांध की झील एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर के बड़े खेल आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए झील को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। आठ अप्रैल से शुरू होकर पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश के करीब 20 राज्यों से 500 से अधिक पुलिस खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पहल पर कोटीकॉलोनी में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का आयोजन किया जा रहा है। आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट बलविंदर सिंह के अनुसार आठ से 12 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रोईंग, कयाकिंग और कैनोइंग की रोमांचक जल क्रीड़ा मुकाबले आयोजित होंगे। प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों के साथ-साथ सीआरपीएफ, एसएसबी और आईटीबीपी की टीमें भी भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए देशभर के खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था टिहरी झील क्षेत्र में कराई जा रही है। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सुरक्षा, यातायात, आवास, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर योजना बनाई गई है। ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का शुभंकर भी जारी कर दिया गया है। टिहरी झील पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जलक्रीड़ा आयोजनों की मेजबानी कर चुका है लेकिन इस बार बड़े स्तर पर पुलिस बलों के खिलाड़ियों की भागीदारी इसे और खास बनाने जा रही है।

# चारधाम यात्रा पर रहेगी विशेष नजर : एसएसपी

नई टिहरी(संवाददता)। जिले की नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने महिला सुरक्षा, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चारधाम यात्रा की सुचारू व्यवस्थाएं और नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान को अपनी प्राथमिकता बताया। रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी चौबे ने कहा कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जाएगा। महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस रणनीति के तहत कार्य किया जाएगा। चारधाम यात्रा को देखते हुए पुलिस व्यवस्थाओं को पहले से अधिक चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। नशामुक्त टिहरी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ड्रग्स पैडलरों और तस्करी के रूट्स पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाने पर भी जोर देते हुए कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व एसएसपी ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर एएसपी दीपक सिंह, सीओ महेश लखेड़ा आदि उपस्थित रहे।

### जड़धार ग्राम पंचायत में सार्वजनिक समारोहों में शराब पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

नई टिहरी(संवाददाता)। ग्राम पंचायत जड़धार में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने सार्वजनिक समारोहों में शराब नहीं परोसने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। निर्णय का उल्लंघन करने वालों से ग्राम पंचायत अर्थदंड वसूल करेगी। चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जड़धार गांव में ग्राम प्रधान धनवीर सिंह जड़धारी की अध्यक्षता में आम बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने चिंता जताते हुए कहा कि शराब का प्रचलन बढ़ने से गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। इससे सर्वाधिक युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। इसलिए गांव में सार्वजनिक रूप से शराब परोसना उचित नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव में किसी भी शादी, मुंडन, जन्मदिन पार्टी आदि सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब परोसने पर रोक रहेगी। यदि कोई व्यक्ति नियम का उल्लंघन करता है और सार्वजनिक समारोह में शराब परोसता पाया जाता है।

### जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज, 10 को मतदान

नई टिहरी(संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। 10 अप्रैल को जिला बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। आनंद प्रकाश सेमल्टी को चुनाव अधिकारी और अरविंद सिंह खरोला को सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष व आडिटर पद के लिए सात अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन होगा। नामांकन पत्रों की जांच 8 अप्रैल को होगी। अगले दिन 9 अप्रैल को अपराह्न 1 बजे से शाम 4 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 10 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन मतगणना कर चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। चुनाव अधिकारी सेमल्टी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम बार कांउसिल नैनीताल को भेज दिया गया है।

# संसाधनों के अभाव में जूझ रहा है बालगंगा महाविद्यालय

नई टिहरी(संवाददाता)। बालगंगा महाविद्यालय में कक्षा-कक्षों और प्रयोगशालाओं का अभाव छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। हर साल बढ़ती छात्रसंख्या के बावजूद संसाधनों का विस्तार नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में महाविद्यालय में करीब 700 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कक्षा-कक्ष और प्रयोगशालाओं की संख्या 15 तक ही सीमित रह गई है। महाविद्यालय में सबसे अधिक दिक्कत विज्ञान संकाय के छात्रों को हो रही है। प्रयोगशालाओं के अभाव में छोटे-छोटे कमरों में ही प्रयोगात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। भिलंगना टिहरी जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है जहां 180 ग्राम पंचायतें आती हैं। उच्च शिक्षा के लिए यही एकमात्र संस्थान है। वर्ष 1991 में क्षेत्रीय लोगों ने अपने संसाधनों से सेंदुल में निजी भवन पर महाविद्यालय की स्थापना की थी। बाद में छात्रसंख्या बढ़ने पर ग्रामीणों ने 50 नाली भूमि दान में दी, जिसके बाद बालगंगा शिक्षा प्रसार समिति ने वर्ष 2001 में भवन निर्माण कराया। वर्ष 2015-16 में महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू होने के बाद छात्र संख्या में तेजी से वृद्धि हुई लेकिन आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उस अनुपात में नहीं हो सका। स्थानीय लोगों की मांग पर टीएचडीसी ने एक तीन मंजिला भवन स्वीकृत किया गया था, लेकिन दो वर्ष पूर्व पहली मंजिल का निर्माण पूरा होने के बाद शेष कार्य अधूरा पड़ा है।छात्र संख्या मानक के अनुसार कक्षा-कक्षों की काफी कमी बनी हुई है। सेवा टीएचडीसी ने जो तीन मंजिला भवन बनाना था उसका कार्य पूरा करने के लिए बार-बार टीएचडीसी को पत्र भेजकर उसे पूरा करने का अनुरोध किया जा रहा है। - डॉ. बिपिन चंद्र उनियाल, प्राचार्य बालगंगा महाविद्यालय घनसाली

## गंगा-यमुना में अर्पित किए जाने वाले वस्त्र इस वर्ष भी बनेंगे चुनौती

उत्तरकाशी(संवाददाता)। चारधाम यात्रा में प्रशासन और मंदिर समितियों के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में गंगा-यमुना में चढ़ाए जाने वाले वस्त्रों से नदियों की स्वच्छता एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि गत वर्ष गंगोत्री में इन कपड़ों का प्रयोग बैग बनाने के लिए किया गया था। साथ ही यमुनोत्री में भी अभियान चलाया गया था। चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु गंगा और यमुना नदी में साड़ियां, वस्त्र और शृंगार सामग्री अर्पित करते हैं। गंगा विचार मंच और अन्य संगठनों की ओर से इस मुद्दे को उठाने के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया था। उसके बाद वर्ष 2023 से अभियान भी चलाया जाता है लेकिन हर वर्ष यह चुनौती बनता है। कि इसको लेकर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम मंदिर समितियों और तीर्थ पुरोहितों की ओर से भी कोई उचित कदम नहीं उठाया जाता है। वे घाटों पर पूजा करवाते समय स्वयं ही श्रद्धालुओं से कपड़ों को नदी में श्रद्धा के नाम पर अर्पित करवा देते हैं। साथ ही प्रशासन की ओर से भी इसको रोकने के लिए कोई ठोस योजना तैयार नहीं की गई है। ईओ नगर पंचायत गंगोत्री जयानंद सेमवाल का कहना है कि इस बार प्रयास किया जाएगा कि नदी में जाने वाले कपड़ों से वहीं पर बैग बनाकर गंगोत्री बाजार में ही उसका विक्रय करवाया जाएगा।

## बारिश ने खोली ड्रेनेज सिस्टम की पोल

उत्तरकाशी(संवाददाता)। जनपद मुख्यालय में दोपहर बाद हुई बारिश के कारण बस अड्डे के मुख्य पेट्रोल पंप और ज्ञानसू में जलभराव हो गया। गंगोत्री हाईवे पर तालाब जैसी स्थिति बनने के कारण पैदल आवाजाही सहित दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीआरओ और नगरपालिका की ओर से सड़कों की नालियों को साफ करने के दावे किए गए लेकिन बारिश ने ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। रविवार को दोपहर बाद जनपद में करीब एक से डेढ़ घंटे मूसलाधार बारिश हुई। इससे जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। साथ ही नगर के संपर्क मार्गों पर भी नालियां बंद होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहने से लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कत झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासी जयबीर सिंह, संदीप चौहान ने बताया कि बस अड्डे के पेट्रोल पंप सहित ज्ञानसू में गंगोत्री हाईवे पर जगह-जगह जलभराव होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, कई स्थानों पर लोगों ने भी नालियों को बंद कर दिया है। पालिका और बीआरओ की ओर से चारधाम यात्रा से पहले सभी नालियों को साफ करने के दावे किए थे लेकिन एक बरसात ने ड्रेनेज सिस्टम के दावों की हकीकत बयां कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अभी यह स्थिति है तो आने वाल बरसात में सड़कें पानी के बीच में नजर नहीं आएंगी। कहा कि नगर क्षेत्र के लिए योजनाबद्ध तरीके से ड्रेनेज सिस्टम पर कार्य होना चाहिए।

### पालिकाध्यक्ष के अधिकार सीज और ईओ के ट्रांसफर की मांग

उत्तरकाशी(संवाददाता)। नगर पालिका में अनदेखी और भ्रष्टाचार के विरोध में सभासदों का क्रामिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। साथ ही सभासदों ने नगर पालिकाध्यक्ष मनोज कोहली के वित्तीय अधिकार सीज करने और ईओ बीरेंद्र सिंह पंवार का स्थानांतरण की मांग की। उन्होंने जल्द ही मांगों का निस्तारण न होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने का निर्णय लिया। रविवार को धरने पर बैठे सभासदों ने कहा कि नगर पालिका में हुए सभी निर्माण कार्यों, निविदाओं और खरीद फरोख्त की स्वतंत्र व उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही पालिकाध्यक्ष मनोज कोहली के वित्तीय अधिकार और ईओ का स्थानांतरण करने, पालिकाध्यक्ष की वित्तीय अधिकार सीज करने, निष्पक्ष जांच के लिए सक्षम अधिकारी को नियुक्त करने की मांग की। कहा कि सभासदों के धरने को दूसरा दिन है लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो वे जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर सभासद मनीष कुकरेती, विशना देवी, लीला रावत, प्रवीन गुनसोला, सिद्धार्थ नौटियाल, सविता पंवार, मनवीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### यमुनोत्री हाईवे के चौड़ीकरण से कई व्यापारी हुए प्रभावित

उत्तरकाशी(संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक में व्यापारियों ने यमुनोत्री हाईवे के चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की। व्यापारियों का कहना था कि डामटा से बड़कोट दोबाटा तक किराये की दुकान चलाने वाले दर्जनों व्यापारी हाईवे चौड़ीकरण से बेघर हो गए हैं। इससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। रविवार को नौगांव में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कबूल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर डामटा से बड़कोट खरादी तक अतिथि देवो भव की कार्य संस्कृति के तहत प्रत्येक नगर इकाई के पदाधिकारी किसी एक वाहन को रोक कर यात्रियों का माला पहना कर स्वागत करेंगे।

# सार्वजनिक शौचालय व्यवस्था को लेकर उठे सवाल, पार्षद ने सुधार की मांग उठाई

अल्मोड़ा(संवाददाता)। नगर क्षेत्र में एक विदेशी महिला को टॉयलेट सुविधा न मिलने से जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस मामले को शहर की छवि से जोड़ने के बजाय मूलभूत सुविधाओं की कमी के रूप में देखने की बात कही जा रही है। पार्षद वैभव पांडे ने जारी बयान में कहा कि वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने मौके पर महिला की मदद की, जो एक मानवीय पहल थी और इसे राजनीति से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि होटल या रेस्टोरेंट में टॉयलेट उपलब्ध होने की बात व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि गांवों से आने वाले लोग, महिलाएं और बुजुर्ग संकोच के कारण ऐसी जगहों का उपयोग करने से हिचकते हैं। उन्होंने डायबिटीज समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए सार्वजनिक शौचालय की उपलब्धता अनिवार्य है। बार-बार टॉयलेट की आवश्यकता होने पर सुविधा का अभाव गंभीर परेशानी पैदा करता है। पार्षद ने कहा कि यदि कोई नागरिक व्यवस्था की कमियों को सामने लाता है, तो उसे राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। समस्याएं उठाना जनमानस का अधिकार है और हर मुद्दे को राजनीति से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की स्थितियों का हवाला देना समाधान नहीं है, बल्कि वर्तमान में जिम्मेदारी संभाल रहे प्रतिनिधियों को समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नगर में सार्वजनिक शौचालयों के लिए स्पष्ट दिशा सूचक बोर्ड लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे बाहरी लोगों और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अब आरोप-प्रत्यारोप के बजाय ठोस कदम उठाने की जरूरत है और नगर में पर्याप्त, स्वच्छ एवं सुलभ सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जानी चाहिए।



# रामनगर की वार्षिक बैठक छोई स्थित एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुई



शातिकुंज (संवाददाता)। कल्याण समिति, लखनपुर रामनगर की वार्षिक बैठक छोई स्थित एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात समिति के बच्चों एवं महिला सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के अंत मे समिति के वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। जिसमें अनूप सिंह बिष्ट संरक्षक, पंकज सती अध्यक्ष, आनन्द पाण्डे सचिव, जगत पाण्डे उपाध्यक्ष, हेम चन्द्र पाण्डे कोषाध्यक्ष एवं शंकर पाण्डे उपसचिव चुना गया। शान्तिकुंज कल्याण समिति वर्ष 2015 से लगातार क्षेत्र की समस्याओं को विभिन्न मंचो पर उठाती रहती है तथा उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहती है।

# नकली किताबों के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

रुद्रपुर (संवाददाता) । एनसीईआरटी की नकली किताबों के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी विभिन्न राज्यों में गोदाम किराए पर लेकर नकली किताबों का भंडारण, सप्लाई करता था।एसएसपी अजय गणपति के अनुसार, 17 मार्च को किरतपुर स्थित गोदाम से नकली किताबें बरामद होने के बाद सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार की तहरीर पर कॉपीराइट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान बनवारीपुर रोहटा मेरठ और हाल समर गार्डन लिसाड़ी गेट मेरठ निवासी नफीस खान उर्फ राजू पुत्र यामीन खान का नाम प्रकाश में आया था। जब जांच की गई तो पता चला कि वह मुख्य आरोपी संदीप और शाहरुख के साथ मिलकर एनसीईआरटी की नकली किताबों के लिए अलग ख्र अलग राज्यों में गोदाम किराए पर लेकर भंडारण और सप्लाई कराता था। इस पर पुलिस ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में नफीस की बेटे की भी संदिग्ध भूमिका आई है। इसकी एसआईटी जांच कर रही है।




# सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले में एसआईटी ने पूरी की अपनी जांच

काशीपुर (संवाददाता)। /चर्चित सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले में एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। ने 29 पेज की चार्जशीट न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में दाखिल की है, जिसमें 12 आरोपियों को नामजद किया गया है। इस चार्जशीट में 58 गवाहों को शामिल किया गया है।गौरतलब है कि काशीपुर निवासी सुखवंत सिंह ने 10-11 जनवरी की रात हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र स्थित गौलापार के एक होटल में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जमीन से जुड़े धोखाधड़ी और पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान होने की बात कही थी। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें तत्कालीन एसएसपी मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधिकारियों समेत कई नामी बिल्डरों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया गया था।इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद तत्कालीन एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सख्त कार्रवाई करते हुए आईटीआई कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला और एसआई प्रकाश बिष्ट को निलंबित कर दिया था। साथ ही पैगा चौकी के पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले जांच जिला स्तरीय एसआईटी को सौंपी गई, जिसकी निगरानी तत्कालीन एसपी क्राइम निहारिका तोमर कर रही थीं। बाद में पुलिस मुख्यालय ने जांच अपने स्तर पर लेते हुए आईजी नीलेश आनंद भरणे की अध्यक्षता में नई एसआईटी का गठन किया। वहीं कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच सौंपी गई।शुरुआत में इस मामले में 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन एसआईटी ने 79 दिनों की गहन जांच के बाद 12 आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर चार्जशीट दाखिल की है। इनमें एक आरोपी पर आत्महत्या के लिए उकसाने, सात पर धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने तथा चार आरोपियों पर धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं।चार्जशीट में विमल कुमार, आशीष चौहान उर्फ पटवारी, कुलविंदर सिंह उर्फ जस्सी, अमरजीत सिंह, जगपाल सिंह, गुरप्रेम सिंह और जहीर के खिलाफ धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप शामिल हैं। वहीं तत्कालीन थानाध्यक्ष कुंदन सिंह रौतेला पर आत्महत्या के लिए उकसाने और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा बलवंत सिंह उर्फ काले, जगवीर सिंह, मनप्रीत सिंह और सुखवंत सिंह पन्नू पर धमकी देने के आरोप दर्ज किए गए हैं। हालांकि, एसआईटी की जांच अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। आईपीएस अधिकारियों समेत 12 अन्य लोगों के खिलाफ जांच जारी है।



# डंपरों के प्रवेश को लेकर विवाद

लालकुआं (संवाददाता)। गौला नदी के देवरामपुर निकासी गेट पर रविवार सुबह बिना तुले डंपरों के प्रवेश को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि गेट इंचार्ज के साथ मारपीट हो गई। घटना से नाराज वन विकास निगम के कर्मचारियों ने लालकुआं से हल्द्वानी तक सभी 11 निकासी गेट बंद कर दिए, जिससे खनन कार्य पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब एक दर्जन डंपर बिना कांटे में तुले ही नदी क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इसकी सूचना पर गेट इंचार्ज सौरभ मराठा मौके पर पहुंचे और वाहन स्वामियों को दोबारा तौल कराने के निर्देश दिए। इस पर खनन व्यवसायियों ने कांटे में खराबी का हवाला देते हुए कहा कि गाड़ियां पहले ही भर चुकी हैं।गेट इंचार्ज द्वारा गाड़ियां खाली कर पुनः तौल कराने की बात पर एक व्यवसायी भड़क गया और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने गेट इंचार्ज के साथ मारपीट की और उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।घटना के विरोध में वन निगम कर्मियों ने पहले देवरामपुर गेट बंद किया और बाद में लालकुआं से शीशमहल तक सभी 11 गेटों को बंद कर दिया। मौके पर पुलिस, वन विभाग और वन निगम के अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं।डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी जा रही है। संबंधित वाहन को सीज कर पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।गेट अध्यक्ष भगवान धमी ने बताया कि कांटे में खराबी के कारण ही विवाद की स्थिति बनी, जिससे मामला बढ़ गया। फिलहाल प्रशासन गेटों को जल्द खुलवाने के प्रयास में जुटा है।



# रामनगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य प्रगति की जानकारी ली

रामनगर (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने रामनगर तहसील मुख्यालय में नैनीताल के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी और उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान से भेंट करके रामनगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य प्रगति की जानकारी ली और उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें रामनगर में आधार सेवा केंद्र की व्यवस्था सुचारू करने और आधार केंद्र बढ़ाने की मांग उठाई।साथ ही जिला प्रशासन से रामनगर के अंतर्गत मोहल्ला पंपापुरी, भरतपुरी कौशल्यपुरी दुर्गापुरी नियमितीकरण प्रक्रिया, ग्राम चुकुम के विस्थापन प्रक्रिया, नया झिरना लालढांग आदि ग्रामों के सर्वेक्षण आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की मंशा और जनहित की भावना के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया गया।



# भीमताल सीट पर सियासी सरगर्मी तेज

भीमताल/नैनीताल (संवाददाता)। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भीमताल सीट पर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस से दावेदारी पेश करने वाले हरीश पनेरू ने अपना "संकल्प-पत्र 2027" जारी कर विकास का रोडमैप जनता के सामने रखा है। खास बात यह है कि उत्तराखंड में किसी भी सीट से दावेदारी के साथ ही जीत के बाद




की प्राथमिकताओं को सार्वजनिक करने वाले पनेरू पहले नेता बन गए हैं।पनेरू ने अपने संकल्प-पत्र में "जनता का विश्वास  विकास का प्रयास" का नारा देते हुए साफ किया कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो भीमताल विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन से लेकर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन तक व्यापक काम किए जाएंगे।हरीश पनेरू ने 15 बिंदुओं में अपनी प्राथमिकताएं तय की हैं, जिनमें प्रमुख रूप से भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और विधायक निधि में 100% पारदर्शिताभीमताल में सुदृढ़ पार्किंग व ट्रैफिक प्रबंधनसरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापनाकिसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज और मुफ्त बीज वितरणआधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और अस्पतालों में बेहतर इलाजहरीशताल क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करनाशिक्षा के क्षेत्र में नए विषय और संसाधनों का विस्तारअवैध शराब पर सख्त रोकलघु उद्योगों को बढ़ावा और 75% रोजगार गारंटीजमरानी बांध में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकतानिष्पक्ष न्याय व्यवस्था और जनसंवाद व्यवस्थापनेरू ने कहा कि यह संकल्प-पत्र केवल वादों का दस्तावेज नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास का विजन है। वे जल्द ही गांव-गांव जाकर जनता से संवाद कर इन बिंदुओं पर सुझाव भी लेंगे।संकल्प-पत्र जारी कर हरीश पनेरू ने साफ संकेत दिया है कि वे चुनावी मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतर चुके हैं। दावेदारी के साथ ही प्राथमिकताओं को सार्वजनिक करना उनकी रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है, जिससे वे खुद को गंभीर और विकास-केंद्रित उम्मीदवार के रूप में पेश कर रहे हैं।हरीश पनेरु को कांग्रेस विधानसभा चुनाव में भीमताल सीट से टिकट देती है या ना देती है यह तो कांग्रेस हाई कमानी जान मगर पनेरु ने यहां संकल्प पत्र जारी कर अपने इरादे जरुर जता दिए हैं।

## भ्रामक वीडियो पर पार्षदों का विरोध, पर्यटकों से अफवाहों में न आने की अपील

अल्मोड़ा (संवाददाता)।  नगर निगम के पार्षदों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए इसे शहर की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया है। उन्होंने



कहा कि अल्मोड़ा जैसे सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व के शहर को बदनाम करने की यह सुनियोजित कोशिश प्रतीत होती है। पार्षद अमित साह मोनू, अर्जुन सिंह बिष्ट और मां नंदादेवी मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि निजी स्वार्थ और ओछी राजनीति से प्रेरित होकर इस प्रकार का कृत्य करना न केवल अनुचित है, बल्कि शहर की गरिमा के खिलाफ भी है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा शहर सभी का अभिमान है और इसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि वे अल्मोड़ा आएं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत तथा आतिथ्य का अनुभव करें, साथ ही किसी भी भ्रामक प्रचार पर ध्यान न दें। उन्होंने यह भी बताया कि मॉल रोड क्षेत्र में महिलाओं के लिए हाईटेक शौचालय पूरी तरह संचालित है और बाजार क्षेत्र में अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस दौरान अमित साह मोनू, अर्जुन सिंह बिष्ट, मनोज वर्मा, मनोज सनवाल, कृष्ण बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की


रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मुलाकात के दौरान संगठन के निरंतर बढ़ते विस्तार पर चर्चा हुई और आने वाले अगले साल 2027 में भारतीय जनता पार्टी की उत्तराखंड में तीसरी बार सरकार बनाने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनेंगी।

### कांग्रेस पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर में कांग्रेस पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। यह बैठक ग्राम बसई में ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस एवं पूर्व ग्राम प्रधान ऊषा जोशी के निवास स्थान पर संपन्न हुई, जिसमें बूथ कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ कमेटी के विस्तार और उसे आगामी विधानसभा चुनाव के



लिए मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा हुईइस अवसर पर पूर्व विधायक रणजीत रावत ने बूथ कमेटी को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत ने की।उन्होंने संगठनात्मक मजबूती व आगामी चुनावी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए।कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों में हर बूथ को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्यरत है और यह बैठक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैइस दौरान कांग्रेस नेता भुवन पांडे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## संविधान सम्मान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया

हल्द्वानी (संवाददाता)। /डॉ बी आर अम्बेडकर जन्म दिवस समारोह समिति हल्द्वानी द्वारा संविधान सम्मान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली का शुभारम्भ ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान से किया गया, रैली कालाढूंगी चौराहे से होते हुए तिकोनिया चौराहा हैडिलगेट पंचक्की चौराहे के बाद डॉ बी आर अम्बेडकर पार्क दमुवाढूँगा मे समापन हुआ, सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आर आर आर्य जी ने कहा कि आज हम संविधान सम्मान रैली के अवसर पर इकट्ठे हुए हैं, संविधान हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है।हम सबको इसका सम्मान करना चाहिए।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीप दर्शन ने संविधान के महत्व पर रौशनी डालते हुए कहा कि संविधान हमारे देश की नींव है, जो हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार देता है। यह हमें अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने की शिक्षा देता है।सहसंयोजक वीरेंद्र टम्टा ने कहा कि संविधान के मूलभूत सिद्धांत समानता सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करना। संविधान नागरिकों को अपनी पसंद के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता देना। सभी नागरिकों को न्याय प्रदान करना। संरक्षक श्री दीपक चनियाल जी ने संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों के बीच भाईचारा और एकता को बढ़ावा देना हमें भारतीय संविधान सीखाता है ।नफीस अहमद खान ने कहा कि संविधान का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। हमें इसके मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। हमें अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

महासचिव दिनेश आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। हमें इसके सम्मान में हमेशा खड़े रहना चाहिए और इसके मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। आइए, हम सभी मिलकर अपने देश को एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाएं।कार्यक्रम मे समिति के मुख्य संयोजक दीप दर्शन ,संरक्षक दीपक चनियाल, विरेन्द्र कुमार टम्टा, , मुख्य अतिथि आर आर आर्य, दिनेश आर्या,



इंद्र कुमार आर्य, विशिष्ट अतिथि सुंदरलाल बौद्ध, संजय कुमार सागर, नफीस अहमद खान,मुकेश बौद्ध, विनोद बौद्ध, राजेंद्र प्रसाद, अमित कुमार, रितिक कांत, अनवर अंसारी, जीतराम, संजय कुमार टम्टा, सखावत हुसैन,हरीश लोधी, विपिन बिहारी, बीर राम, जगदीश चंद्र, सुरेश चंद्र ग्वासीकोटी, पंकज अम्बेडकर, आकाश भारती आदि उपस्थित थे

## वरिष्ठ पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर (संवाददाता)।  रविवार को शांतिपुरी सैनिक संगठन की वार्षिक बैठक में संगठन की ओर से नए पेंशनर, शांतिपुरी नंबर-3 निवासी कुमाऊं रेजीमेंट के नायक पंकज आर्य को सदस्यता प्रदान की गई। साथ ही चार वरिष्ठ पूर्व सैनिकों और चार वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



सैनिक भवन परिसर में संगठन के कोरंगा (सेनि) की अध्यक्षता में अध्यक्ष सूबेदार मेजर लाल सिंह आयोजित बैठक के मुख्य वक्ता कर्नल गोकरन सिंह राणा (सेनि) रहे। उन्होंने खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों को लेकर पूर्व सैनिकों को सतर्क रहने और अपने अनुभव का समाजहित में उपयोग करने की अपील की। अध्यक्ष कोरंगा ने पूर्व सैनिकों से संगठन और उनके हितों के लिए सुझाव आमंत्रित किए। कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर कुंवर सिंह कोरंगा (सेनि) ने विगत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए नियमित सदस्यता शुल्क जमा करने और संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। बैठक में पार्ट-टू ऑर्डर, ईसीएचएस, फैमिली पेंशन और रुद्रपुर में नई कैंटीन खोलने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक को पूर्व अध्यक्ष कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा (सेनि), कैप्टन आरडी भट्ट (सेनि), कैप्टन पुरुषोत्तम डिमरी (सेनि) और कैप्टन केएस रौतेला (सेनि) सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र जोशी (सेनि) ने किया। इस दौरान कैप्टन पुरुषोत्तम डिमरी (सेनि), कैप्टन पीसी जोशी (सेनि), कोषाध्यक्ष कुंवर सिंह कोरंगा, डीडी भट्ट, कल्याण सिंह मटियानी, प्रकाश चंद्र जोशी, नेत्र सिंह टाकुली, हरीश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रतिनिधि प्रकाश सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह दसौनी, रूप सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक शौचालय विवाद पर नगर अध्यक्ष का विपक्ष पर हमला

अल्मोड़ा (संवाददाता)।  नगर के मध्य महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय व्यवस्था को लेकर चल रहे विवाद पर नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग लंबे समय तक सत्ता में रहे, वे आज सवाल उठाने से पहले अपनी जिम्मेदारी तय करें। विनीत बिष्ट ने कहा कि वर्षों तक नगर पालिका और विधायक पद पर रहने के बावजूद यदि महिलाओं के लिए स्थायी शौचालय की व्यवस्था नहीं हो सकी, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब वायरल वीडियो के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने वायरल वीडियो प्रकरण को लेकर कहा कि एक महिला का वीडियो प्रसारित कर पूरे शहर की छवि को धूमिल करना निंदनीय है। उनके अनुसार, इस तरह के प्रयासों से पर्यटन सीजन प्रभावित हो सकता है और स्थानीय व्यापारियों तथा युवाओं की आजीविका पर असर पड़ता है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान नगर निगम और मेयर अजय वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर हाईटेक शौचालयों का निर्माण किया गया है और स्वच्छता, सड़क व प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर लगातार काम हो रहा है।

# कुशा कपिला बोलीं- महिलाओं का ये हुनर आज भी हाशिए पर, दिया जूही चावला का उदाहरण



नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज मामला लीगल है 2 की अभिनेत्री कुशा कपिला ने हाल ही में कॉमेडी जगत में महिलाओं की स्थिति पर अपनी राय रखी है। कुशा ने अर्चना पूरन सिंह और जूही चावला जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों का उदाहरण देते हुए कहा कि कॉमेडी में महिलाओं को वो सम्मान और पहचान नहीं मिलती, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को कमतर आंकने पर अपनी चिंता जाहिर की है।

कुशा कपिला ने बताया कि कॉमेडी की दुनिया में महिलाओं को वो श्रेय नहीं मिलता, जिसकी वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, आप अर्चना पूरन सिंह को ही देख लीजिए, किसी भी फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग बेहतरीन होती है या फिर इश्क फिल्म में जूही चावला, वो अकेले ही सारे सीन संभाल लेती हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग कमाल की थी, लेकिन जब बात कॉमेडी की आती है तो हम पुरुषों के नाम ज्यादा लेते हैं।कुशा ने कहा, हाल ही में मैं मामला लीगल है की निधि (निधि बिष्ट) का जिक्र करना चाहूंगी। शो देखने के बाद मैंने उन्हें इंस्टाग्राम पर खोजने की कोशिश की। शो में एक सीन है, जहां वो गालियों के प्रकार के बारे में बात करती हैं, वो वाकई बेमिसाल है। मुझे फ्लीबैग जैसा शो भी बहुत पसंद है। इसके अलावा गर्ल्स है। सच तो ये है कि भारत में लड़कियों के हास्य को अभी उतना ज्यादा परखा नहीं गया है।जब कुशा से पूछा गया कि एक कलाकार और एक दर्शक के तौर पर वो किस तरह की कॉमेडी देखना पसंद करती हैं? जवाब में कुशा ने कहा, मैं शेखर सुमन का मूवर्स एंड शेकर्स देखती थी, जहां वो बहुत सारी राजनीतिक टिप्पणी किया करते थे। फिर उन्होंने देख भाई देख नाम का शो किया, जो बहुत ही मजेदार था। मुझे खिचड़ी भी बहुत पसंद था और साराभाई वर्सेज साराभाई भी अपने समय से काफी आगे का शो था।कुशा एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, कॉमेडियन और अभिनेत्री हैं। वो इंस्टाग्राम पर अपने मजाकिया वीडियो के लिए जानी जाती हैं। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए प्रसिद्ध कुशा ने कई कॉमेडी शो में अपनी प्रतिभा दिखाई है। कुशा का जन्म नई दिल्ली में हुआ था। अभिनय और क्रिएशन में आने से पहले उन्होंने एक फैशन एडिटर के रूप में काम किया था। उन्होंने वेब सीरीज (मामला लीगल है) और फिल्मों (घोस्ट स्टोरीज और थैंक यू फॉर कमिंग) में अभिनय किया है।

## अर्जुन दास अन्ना बेन स्टारर फिल्म कॉन सिटी का फर्स्ट लुक पोस्टर और टाइटल टीजर रिलीज, कॉमेडी और उथल-पुथल से भरपूर एक वाइल्ड राइड का वादा

एक्टर अर्जुन दास ने अपनी आने वाली तमिल फिल्म कॉन सिटी का फर्स्ट लुक पोस्टर और टाइटल टीजर रिलीज किया है, जिससे फैंस में उत्सुकता बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए, दास ने लिखा, यह परिवार सिर्फ मनोरंजन नहीं करता। वे आपको घुमाने ले जाते हैं, जिससे ह्यूमर, स्कैम और अचानक आने वाले ट्विस्ट से भरी एक अनोखी कहानी का इशारा मिलता है।पोस्टर फिल्म की अनोखी कहानी का टोन सेट करता है, जिसमें मेन कैरेक्टर्स के चारों ओर हवा में कैश उड़ते हुए दिखाए गए हैं। कहानी एक स्ट्रगल कर रहे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अचानक किस्मत के एक अजीब मोड़ में फंस जाता है। जो किस्मत से शुरू होता है, वह जल्द ही उथल-पुथल में बदल जाता है, जो कॉमेडी और थ्रिल का एक एंटरटेनिंग मिक्सचर का वादा करता है।टीजर में, अर्जुन दास के कैरेक्टर के साथ एक अजीब एक्सीडेंट होता है जब बिजली गिरने से उसके रसीद प्रिंटर में गड़बड़ हो जाती है। उसे यह देखकर हैरानी होती है कि मशीन रसीदों के बजाय 500 के नोट प्रिंट करने लगती है। इस अचानक हुई खोज से उसकी जिंदगी उलट-पुलट हो जाती है, जिससे परिवार को पैसों की कभी न खत्म होने वाली सप्लाई और अपनी फाइनेंशियल मुश्किलों से बचने का मौका मिलता है।जल्द ही, परिवार के बाकी लोग - जिनका रोल अन्ना बेन, योगी बाबू और जानी-मानी एक्ट्रेस वाडिवुक्कारासी ने किया है ख्र उस रहस्यमयी डिवाइस के बारे में जान जाते हैं। जैसे-जैसे वे अपनी मुश्किलों से आजाद जिंदगी की कल्पना करते हैं, उनका एक्साइटमेंट बढ़ता जाता है, लेकिन जब दूसरे लोग अचानक कैश की बाढ़ को नोटिस करने लगते हैं तो सिचुएशन कॉम्प्लिकेटेड हो जाती है। टीजर हिंट देता है कि उनका सीक्रेट अनएक्सपेक्टेड मुसीबत का कारण बन सकता है जब समाज पैसे के ओरिजिन पर सवाल उठाने लगेगा।इस फिल्म को डेब्यूटेंट हरीश दुरैराज ने लिखा और डायरेक्ट किया है और इसे पावर हाउस पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट के लिए म्यूजिक सीन रोल्डन ने बनाया है, जिनके खास स्टाइल से कहानी के कॉमेडी और ड्रामैटिक पलों में जान डालने की उम्मीद है।

## टच बडी गाने पर बोलीं जोनिता गांधी, कलाकार के रूप में एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला

प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी पवन सिंह के साथ गाए गए नए गाने श्टच बड्डी को लेकर उत्साहित हैं। डकैत अ लव स्टोरी के गाने के बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। जोनिता का मानना है कि इस गाने के जरिए एक कलाकार के तौर पर एक नए पहलू को एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह गाना उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जिसने उन्हें खास तौर पर आकर्षित किया। जोनिता गांधी इस समय अपनी कलात्मक यात्रा के एक नए दौर में हैं। वे अब सिर्फ आवाज देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि स्क्रीन पर भी पूरी तरह छा जाना चाहती हैं। श्टच बड्डी में उन्होंने न सिर्फ गाया है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ डांस परफॉर्मेंस भी किया है। जोनिता ने कहा, यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। मुझे डांस करना बहुत पसंद है, इसलिए इस गाने की ओर मैं खिंची चली गई। मैंने इसे एक किरदार निभाने के रूप में अपनाया। यह मेरी अपनी असलियत का विस्तार नहीं था, बल्कि एक कलाकार के रूप में मुझे एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, एक कलाकार के तौर पर मैं खुद के और भी कई पहलुओं को एक्सप्लोर कर रही हूं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैंने तो अभी बस शुरुआत की है। अपना प्यार और साथ बनाए रखिएगा।गाने में जोनिता एक स्टाइलिश, चंचल और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका श्ग्रूवा, एटीट्यूड और सहजता इस ट्रैक का मुख्य आकर्षण है। गाने का तेलुगु वर्जन भी रिलीज हो चुका है, जिसमें उनके साथ राम मिरियाला नजर आ रहे हैं। दोनों भाषाओं के कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। श्टच बड्डी गाना फिल्म श्डकैत: अ लव स्टोरी का गाना है।फिल्म में आदिवि शेष, अनुराग कश्यप और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। यह एक बाइलिंगुअल प्रोजेक्ट है, जिसे हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। कहानी दो पुराने प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दोबारा मिलकर कई चोरियां करते हैं।इसमें क्राइम, एक्शन और रोमांस का रोचक मिश्रण है। फिल्म का निर्माण सुप्रिया यरलगाडा ने किया है। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# त्रिकाल 24 अप्रैल को हो सकती है रिलीज, बुराई के खिलाफ जंग लड़ते दिखेंगे महेंद्रन और श्रद्धा दास

दक्षिण भारतीय सिनेमा में स्पिरिचुअल और सुपरनैचुरल कहानियों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। जब इन कहानियों में थ्रिल, रहस्य और इमोशन का मिश्रण होता है, तो फिल्म और भी दिलचस्प बन जाती है। यही वजह है कि दर्शक ऐसी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिनमें सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि एक अलग अनुभव भी मिलता है।

अब ऐसी ही एक फिल्म त्रिकाल चर्चा में है, जो अपने अनोखे विषय और दमदार कहानी की वजह से पहले ही सुर्खियां बटोर रही है। अब इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चा हो रही है। डायरेक्टर मणि थेलागुटी की इस फिल्म में महेंद्रन और श्रद्धा दास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक स्पिरिचुअल सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई को दिखाया जाएगा।इंडस्ट्री से जुड़ी खबरों के अनुसार, यह फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म को जनवरी में रिलीज करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने इसकी तारीख बदलने का फैसला किया। अब इसे अप्रैल में रिलीज करने की तैयारी की जा रही है।इस फिल्म को तमिल में त्रिकांडा नाम से रिलीज किया जाएगा। से बात करते हुए प्रोड्यूसर श्रीनिवास ने बताया था कि फिल्म की शूटिंग चेन्नई और हैदराबाद में लगभग 60 से 70 दिनों में पूरी की गई। वे फिल्म को 23 जनवरी को रिलीज करने के बारे में सोच रहे थे, क्योंकि उनका टारगेट ऐसे दर्शक थे, जो धार्मिक यात्रा पर जाते हैं, खासकर सबरीमाला।

उनका मानना था कि जब लोग अपनी यात्रा से लौटेंगे, तब फिल्म को रिलीज करना ज्यादा सही रहेगा।

# नेपालीफार्म में निर्माणाधीन पार्क में गाड़ा शहीद पार्क का बोर्ड

ऋषिकेश(संवाददाता)। नेपालीफार्म में निर्माणाधीन पार्क का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद पार्क रखने की मांग को लेकर रविवार को महापंचायत हुई, जिसमें ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग जुटे। उन्होंने पार्क में राज्य आंदोलन के दौरान शहीद आंदोलनकारियों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग दोहराई। इस दौरान निर्माणाधीन पार्क में शहीद पार्क का बोर्ड भी लगाया गया। रविवार सुबह आयोजित महापंचायत में जिला पंचायत सदस्य विनीता रतूड़ी ने कहा कि सरकर को जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। राज्य के निर्माण के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की ही प्रतिमा पार्क में स्थापित की जानी चाहिए। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख बीना चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में ही राज्य आंदोलन के शहीदों को उचित स्थान नहीं दिया जाएगा, तो कैसे उम्मीद की जा सकती है कि अन्य राज्यों में स्थानीय लोगों का सम्मान मिलेगा। प्रधान आशीष रांगड़ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के उत्तराखंड के इतिहास को मिटाने का प्रयास कर रही है। केंद्रीय नेताओं को खुश करने के लिए उत्तराखंड के शहीदों का अपमान किया जा रहा है। महापंचायत में दो संकल्प पारित किए गए, जिनमें पहला पार्क का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद पार्क रखने और पार्क स्थल पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को अन्यत्र स्थानांतरित करना शामिल है। महापंचायत में सुधीर राय रावत की अगुवाई में निर्माणाधीन पार्क में शहीद पार्क का बोर्ड गाड़ा भी गया। मौके पर खैरीकलां प्रधान शबनम, प्रधान सविता शर्मा, चंद्रकांता बैलवाल, आशीष बिस्ट, अनिल पड़ियार, अनीता खरोला, जगदम्बा रतूड़ी, गोकुल रमोला, धर्मेंद्र बेंदवाल, रवि राणा, सत्ये कपरूवाण, शांति प्रसाद थालियाल, विजपाल जेठूड़ी, सतीश रावत, राजपाल खरोला, जयेंद्र रमोला, भगवती प्रसाद सेमवाल, विजयपाल रावत, कृपाल सिंह सरोज, देव पोखरियाल, लालमणि रतूड़ी, दिनेश चंद्र मास्टर, हिमांशु रावत, जगमोहन, प्रमोद शर्मा, राहुल रावत, गौतम राणा, संजय सिल्सवाल आदि मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग लीग के पदक विजेताओं का सम्मान

ऋषिकेश(संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा की ओर से रविवार को चेन्नई में हुई अस्मिता खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग लीग के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। देहरादून रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रेनबुकई कराटे एकेडमी गीता नगर एवं रायवाला की छात्राएं दीया बिष्ट, काजल चौधरी, सलोनी, आरोही को महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे सिंह नेगी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र नौटियाल, रेनबुकई एकेडमी के संस्थापक कमल सिंह बिष्ट ने सम्मानित किया। डॉ. राजे सिंह नेगी ने बताया कि चेन्नई में 25 से 28 मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स ऑथारिटी ऑफ इंडिया की ओर से चार दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन किया गया था, जिसमें ऋषिकेश की रेनबुकई कराटे एकेडमी की छात्राएं दीया बिष्ट, काजल चौधरी एवं सलोनी ने कांस्य पदक जीतकर एवं आरोही ने प्रतिभाग कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रेनबुकई एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं कोच कमल सिंह बिष्ट ने कहा कि आज के समय में महिलाओं और बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस सबसे बड़ा हथियार है। किक बॉक्सिंग न केवल शारीरिक कौशल है, बल्कि यह आत्मविश्वास जगाकर स्वयं की रक्षा करने की शक्ति देता है। इस नेशनल प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 500 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में खेल और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मौके पर सुधीर चौधरी, अभिषेक गुप्ता, करण कुमार, मनोज नेगी, अलका बिष्ठ, दीपा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार...

## जनसमस्याओं के समाधान के लिए शिवपुरी जन विकास समितिश का गठन

देहरादून(संवाददाता)। बंजारावाला के शिवपुरी (टी एस्टेट) क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली और पानी जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय निवासियों ने एकजुट होकर शशिवपुरी जन विकास समितिश का गठन किया है। रविवार को हुई बैठक में जनसमस्याओं पर व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल, सचिव भगवती प्रसाद बधानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम चंद रमोला कोषाध्यक्ष विनोद नौटियाल को चुना गया। इसके अलावा पदम बहादुर थापा व बलबीर सिंह नेगी को उपाध्यक्ष, बिक्रम सिंह कुमांई को संयुक्त सचिव, दुर्गा सिंह नेगी को संगठन सचिव, रमेश सिंह पंवार को ऑडिटर और सुरेंद्र सिंह राणा को मीडिया प्रभारी चुना गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि समिति क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करेगी और हर निवासी को इससे जोड़ा जाएगा। आगामी बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## उत्तराखंड में नए जिलों को लेकर आंदोलन का ऐलान

देहरादून(संवाददाता)। शजिला बनाओ संघर्ष समिति उत्तराखंडश ने उत्तराखंड में जल्द नए जिलों के गठन की मांग की है। चेताया कि यदि जल्द नए दिनों का गठन नहीं किया गया तो प्रदेश भर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में संयोजक प्रकाश डबराल ने कहा कि उत्तराखंड अपनी रजत जयंती मना चुका है, लेकिन भौगोलिक रूप से विषम क्षेत्रों में रहने वाली जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं और न्याय के लिए मीलों दूर जिला मुख्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है।

### दून मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने विश्व कांग्रेस में जीता अवार्ड

देहरादून(संवाददाता)। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की पीजी रेजिडेंट डॉ. शिवांगी ठाकुर और डॉ. कृतिका ने सोका-कॉन 2026 (विश्व क्लिनिकल एनाटॉमिस्ट्स कांग्रेस) में बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन का प्रतिष्ठित अवार्ड जीतकर संस्थान और प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान हासिल किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. गीता जैन व एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. जॉली अग्रवाल ने दोनों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। प्राचार्या ने कहा कि संस्थान में सुपरस्पेशलिटी सेवाओं के साथ ही बेसिक साइंसेज व शोध को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

# यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**- महिला की शिकायत पर 3 प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

ऋषिकेश(संवाददाता)। उत्तराखंड के ऋषिकेश में पुलिस ने एक यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। एक महिला की शिकायत पर 3 प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने साल 2021 से महिला को डरा-धमकाकर और नशीले पदार्थ देकर कई बार दुष्कर्म किया। आरोपियों ने महिला की आपत्तिजनक तस्वीरों का फायदा उठाकर उसे जाल में फंसाया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। पुलिस की ओर से साझा की गई जानकारी मुताबिक, पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया है कि 2021 से ही आरोपियों की ओर से उसको लगातार डराया धमकाया जाता रहा। आरोपी ब्लैकमेल कर अलग-अलग होटलों और फार्महाउसों में उसे ले गए और ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने महिला की पारिवारिक स्थिति और उसके पिता की गंभीर बीमारी का फायदा उठाते हुए उसे ब्लैकमेल करना जारी रखा। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने महिला को पहले विश्वास में लिया। इसके बाद उसको डराया धमकाया गया। यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें भी ले लीं। इसके जरिए उसे अपने जाल में फंसा लिया। कई बार उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। विरोध करने पर आरोपियों की ओर से महिला और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकियां दी जाती थीं।पीड़िता के पति की भूमिका भी संदिग्धः पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि मामले में पीड़िता के पति की भूमिका भी संदिग्ध है। पीड़िता ने अपने पति पर भी आरोप लगाया है कि उसने कई बार उसकी शिकायतों को नजरअंदाज किया। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं पूरे नेटवर्क में और लोग तो शामिल नहीं हैं। पुलिस ने अपनी जांच में पाया है कि यह कोई एक-दो घटनाओं का मामला नहीं है। पुलिस को शक है कि यह लंबे समय से चल रहा सुनियोजित शोषण का मामला हो सकता है।नेटवर्क में सामने आ सकते हैं बड़े नामः पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क में बड़े नाम भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भादस की धारा 376 (दुष्कर्म), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी कुशाग्र शर्मा उर्फ रोमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। चूंकि मामला बेहद गंभीर है। इस वजह से हर पहलू की गहन जांच की जा रही है।

# महिलाओं को निशुल्क मा डाट काली के दर्शन करवाए

ऋषिकेश(संवाददाता)। गढ़ महिला उत्थान समिति की ओर से धार्मिक यात्रा के तहत महिलाओं को मां डाट काली मंदिर के दर्शन कराए गए। रविवार को गढ़ महिला उत्थान समिति की ओर से प्रतीतनगर में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके तहत यात्रा संयोजक जयेंद्र रमोला ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रीय महिलाओं से भरी बस को देहरादून-सहारनपुर राजमार्ग में आशारोड़ी स्थित मां डाट काली मंदिर के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि गढ़ महिला उत्थान समिति केवल एक संगठन नहीं, बल्कि मातृशक्तियों को सशक्त, आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने का एक सशक्त माध्यम है। मौजूदा समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन अभी भी कई महिलाएं आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रही हैं। समिति ऐसी महिलाओं को आगे लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं महिलाओं में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और एकजुटता का संचार करती हैं। इस दौरान समिति द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को निशुल्क मां डाट काली मंदिर के दर्शन करवाए गए और मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारियां भी दी गई।

## मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकताः नरेंद्र नेगी

ऋषिकेश(संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि नगर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी सुविधाओं को मजबूत किए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। रविवार को नगर पालिका परिषद डोईवाला क्षेत्र के वार्ड नंबर 2, 6, 8 और 15 में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग टाइल सड़क का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल सड़क का निर्माण किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com